
# प्रशासक प्रफुल पटेल ने विश्व मजदूर दिवस पर प्रदेश की जनता को दी सौगात

**■ स्वास्थ्य विभाग के संजीवनी स्वास्थ्य बीमा योजना का 1 मई 2017 से होगा शुभारंभ ■ 1 लाख से नीचे आय वाले परिवार का पूरा बीमा किस्त एवं 1 लाख से 2 लाख तक के आय वाले परिवार की आधी बीमा किस्त प्रशासन भरेगी ■ संजीवनी बीमा का लाभ 2 लाख रुपये से बढाकर 3 लाख रुपये किया गया**



सिलवासा 27 अप्रैल। संघ प्रदेश दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली प्रशासक प्रफुल पटेल 1 मई 2017 अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली की जनता के लिए बड़ी सौगात लेकर आये हैं। यह सौगात संजीवनी स्वास्थ्य बीमा योजना के रूप में प्रदेशवासियों को मिलेगी। दमण-दीव तथा दादरा नगर हवेली स्वास्थ्य विभाग संजीवनी स्वास्थ्य बीमा योजना का प्रदेश में 1 मई 2017 से शुभारंभ कर रहा हैं। 1 मई 2017 विश्व मजदूर दिवस पर इसका प्रारंभ होगा जिसमें सभी तबके के लोगों को संजीवनी स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ा जायेगा। इसमें खास करके औद्योगिक ईकाईयों में काम करने वाले मजदूरों को भी संजीवनी स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत जोड़ा जायेगा। दानह की जनता के लिए श्री विनोबा भावे सिविल अस्पताल के प्रांगण में संजीवनी स्वास्थ्य बीमा योजना के कार्यालय में संजीवनी कार्ड की प्रक्रिया शुरू होगी। साथ-साथ दमण की जनता के लिए मोटी दमण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं दीव में घोघला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर यह प्रक्रिया की जाएगी। संजीवनी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रदेश में रहने वाले लोगों को संजीवनी के अंतर्गत नेटवर्क अस्पतालों में मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए पांच सदस्य तक के परिवार को 3 लाख रुपये की राशि तक का सहयोग मिलेगा जो की पहले 2 लाख रुपये थी। यदि कार्डधारक की दुर्घटना के कारण अकाल मृत्यु होती हैं तो उसके निर्मित (नॉमिनी) को 1 लाख, अगर दुर्घटना में कार्डधारक विकलांग हो जाता हैं तो 50 हजार रुपये का सहयोग दिया जायेगा। इस योजना के लाभार्थी परिवार को एक स्मार्ट कार्ड दिया जाता हैं। दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली स्वास्थ्य निदेशक डॉ. वी. के. दास ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना बहुत ही लाभदायक हैं और प्रदेश की जनता इसका पूरा लाभ ले। दमण-दीव एवं दानह प्रशासक प्रफुल पटेल के आदेशानुसार सभी लोगों को संजीवनी स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़ने के लिए जागरूक किया जायेगा और सभी तबके के लोगों को जोड़ा जायेगा। इसी के तहत प्रशासन के सलाहकार एवं स्वास्थ्य सचिव एस. एस. यादव के दिशानिर्देशन में इस योजना को लागू करने के लिए 1 मई 2017 विश्व मजदूर दिवस पर नए पंजीकरण एवं पुराने कार्ड के नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली स्वास्थ्य विभाग प्रदेश की जनता से अपील करती हैं कि वह अपने और अपने परिवार को संजीवनी स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीकृत करवाएं। साथ-साथ पुराने कार्डधारक अपने संजीवनी कार्ड का रिन्युअल करवाये और सरकार की इस योजना का पूरा-पूरा लाभ ले। इस योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए 104/ 9800233539 टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते है।